घड़ा में पाणी व्हे' ज्यूं है। अणाँ होज विपरीत निश्चयाँ रो श्री भगवान ईश्वरावतार अभ्रान्ताचार्य खण्डन कर वास्तविक वस्तु आड़ी सङ्केत कीधो वीं ने कोईक भाग्यशाली सत्याग्रही समझ ले' है। वणीरे भावे सब ही एक ही बात के' रिया है। ने जणी रे भावे खुद ही अनेक बात करे, वणी री बात तो न्यारी है।

(८)

ज्यू' बाळक पाछ पग्याँ चाले ज्यू' दुनियाँ (आपाँ) मशाणाँ री आडी पाछ पग्याँ चाल रियाँ हां अर्थात् दुनियां री आड़ी मुख ने मृत्यु री आड़ी गति।

(९)

एक राजा रे का'णोशुणवा रो घणो शोक हो। वणी कियो ज्या कन्या अशी' काणी के' के जणी रो अन्त हो नी व्हे' वणी ने म्हूँ परणूँ। यूँ वणी नरी ही कन्या परणी पण वणाँरी का'णी पूरी व्हे' ती, ने मार न्हाक तो। जदी प्रधान री लड़की बड़ी बुद्धिमती ही, वा परणी ने वणी कही एक गुफा में एक कानी शूँ नरी टीड़ियां भराय जाय ने एक कानी निकळ जाय ने पाछी भराय ने निकले, ने

पाछी भराय ने निकळे यूँ कियां ही गई। राजा चैतन्य, आपां सब कन्या। कर्म भोग, का'णी के' णो। संकल्प विकल्प, समाप्ति। मरण, प्रधान= प्रकृति री कन्या शूँ बुद्धि, वणी। कही नवी वात नी है, वो रो वो ही भरावणो ने निकळणो पूरो ही नी व्हे' सो वणी रो मरणो मिट गयो। नवी नवी जाणणो मिट्यो।

(१०)

आत्म प्राप्तिरी कोशीश नी करे सो तो पशु है ही ज, पण आत्म प्राप्ति री कोशीश करे वो भी तो समझणो (ज्ञानी) तो नी है।

(११)

प्र०—मनख ने अशान्ति क्यूँ व्हे' है ?

उ०—आत्मा है, जी शूँ,

प्र०—तो शान्ति क्यूँ व्हे' है ?

उ०—आत्मा है, जी शूँ।

(१२)

प्र०—तू ही के'णो तो दूसरा ने व्हे' है ?

उ०—घणो छाने खूब छाने के'वा पे जो शुणे सो दूसरो ने नजदीक।

—की की।

(१३)

मनख सब काम, सुख रे वास्ते करे है, खास कर ने अपणी तारीफ रे वास्ते और वणी'ज वास्ते तारीफ़ रा काम ने मनखआछा गणे है। पछे भले ही वो शास्त्र शूँ विरुद्ध व्हो' पर मामूली आदमी वाँ ने छोड़ नी शके। कुछ वत्ता आदमी शास्त्र री परवा करे पण लोगाँ री नी ने सब शूँ ऊँचा केवल आत्म-सुख री परवा आगे कणी री ही परवा नी राखे। वोहीज जीवन मुक्त वाजे वणाँरा आछा काम संसार ने देखावा ने नी, पण स्वाभाविक ही व्हे' है। बड़ा आदम्याँ रे नखला जीरी तारीफ करे सो ही करवा लाग जाय। मद्य अन्याय आदि दुर्व्यसनाँ ने भी आछा गणे, पर प्रत्यय ईंरो ही नाम है।

(दूजां रा के'वा पर विश्वास)

॥ श्री हरिः ॥

अनुभव-प्रकाश

॥ ॐ तत्सत् ॥

अनुभव-प्रकाश

१—परमात्माने जी, नी हे रे (ढूंढे) वी तो मूर्ख है हीज, पण हेरे, वा भी समझणा तो कोय नी।

२—हेर्या शूँ हीज हरि लाधे, पण लाध्याँ पे'ली भी गम्या तो नी हा।

३—सूरज नारायण रे पगां लागवारे वास्ते मुरजी व्हे' तो नीचा पड़ो, मुरजी व्हे' उभा व्हो मुरजी व्हे' कई मती करो, ने मुरजी व्हे' जोई करो वणीरा तो पगां में हीज हाँ।

४—भगवान रो आसरो लेणो तो जदी, के वो छोड्यो व्हे' वा छूटतो व्हे'। परमेश्वर ने याद राखणो जतरो दोरो (कठिन) है, वणी पच्चे भी वींने, भूल जाणो बत्तो दोरो है।

५—परमात्मा ने म्हँ हात शूँ हात मिलाय ने टे'ल रिया हाँ पण दोही दोयां ने हेरता फिररिया हाँ। वी लाध जावे तो म्हँ. छुप जावूं, ने म्हँ लाध जाऊँ तो वी छुप जावे। पण हात शूँ हात नी

छूटे। अस्यो नवो ख्याल खेल रिया हां। हे नाथ, थूँ हीज म्हने देख, म्हूँ थने देखवारी करूँ ने हीज थूँ छुपे है।

६—म्हें थने जागता थकाने सुवाय दीधो, ने थें म्हने सूता थका ने जगाय दीधो।

७—हे प्राणाधार! वणावटी प्रेम तोम्हारे दाय-नी लागो, ई थूँ स्वाभाविक ही रे'वा दे'।

८—एक मनख म्हने केवा लागो के थूं प्राण-नाथ रा म्हने दर्शण कराव और जदी म्हें थने कियो के वो मूर्ख यूं के वे है, तो थें कियो के वो तो म्हूँ हीज हो। जदी तो लाज शूँ म्हारी पती बोलणी ही नी आयो।

९—कोई कहे के थूँ संसार ने कूंकर देखे है, तो म्हूँ केवूं के प्यारा री आँख में बैठो बैठो देखूँ हूँ।

१०—ले आव, आपां आँख मिचावणी खेलाँ। अबे म्हूँ छुपूँ थूँ हेरज्ये, यो कई सुभाव साथे साथे आय रियो है, छुपवा क्यूँ नी देवे। वो, लो जठे छुपूँ वठे ही देख रियो है। ले अब म्हारीज आँखा मीचलूँ तो यो नखेरो नवो बोलवा लाग गियो, ले' कान मूंदूं तो यो लो' ऊँचाय ने खोळा में हीज

बैठाय लीधो, थारे शूँ मरने भी नी छुप शकूँ। पे'ली तो के'णो आँख मिचावणी खेलो, ने पछेयूं या कईं आँख मिचावणी बाजे के आँख खुलावणी।

११—एक आदमी के' रियो हो के ब्रह्मज्ञान कईं व्हे' है? ने दूजो के' रियो हो के भ्रमज्ञान कईं व्हे' है? म्हने खबर नी पड़ी के यो वणाँरी बोली रो फेर हो के समझ रो।

१२—ले'अबे थूँ छुप, म्हूँ थने हेरूँ; यो कईं सुभाव थारा में श्यान है, के नी, छुपवारी कियो के चोड़े व्हेवारी। वाहवा सामो म्हने हीज म्हने क्यूँ छुपावे है।

१३—अबे म्हूँ छुपने जावूँ ही कठे, जी शूँ ले' आव, आपां प्रेम शूँ मिलां, ने अबे या आँख मिचावणी या खुलावणी छोड़ दे।

१४—ले' आव अबे आपां कवित्त केवां। म्हूं बोलूं जींरो थूं अर्थ कर, ने थूं बोले जीरो म्हूं अर्थ करूं।

फेर, वो रो वो सुभाव वचे वचे बोलवा लाग-गियो म्हने तो बोलवा ही नी देवे, ने आप ही आप बोले ने आप ही आप अर्थ करवा लाग गियो।

१५—ले' म्हूं थारी स्तुति करूं, फेर वो हीज

सुभाव, थूं हीज थारी स्तुति करवा लाग गियो, यो थारो बड़ा पणो है, के श्रोछा पणो। व्हा, यो पण म्हने नी केवा दीधो।

१६—ले' आव, आपां वाड़ी देखाँ, फेर वोरो वो सुभाव, म्हंने तो देखवा ही नी देवे, ने आप हीज देखवा लाग जाय।

अणीरो श्रोलंबोपण नी देवा दे' ने आप हीज बोल जावे। लिखने दे' दूंतो लिखवाहो नी दे'ने आप हीज लिखवा लाग जाय।

१७—हे' बिहारी थने कतराक गोप्यां ने उघाड़ी देख वारो दोष लगावे, पण थारे मुंडा आगे ढांक्यो कूंण रियो है। थारे मुंडा आगे तो सारा ही उघाड़ा है हीज।

१८—लुगाई लुगाई री लाज नी करे, ने पति शूं तो लाज कर ही कई शके, पण हे पुरुषोत्तम (पति) थारे शूं ज्या लाज नी करे वाही सांची पतिव्रता है, ने थारे शूं लाज करे सो ही कुलटा कुलच्छणी है।

१९—मनख केवे के आकाश विनां थांभे ठेर रियो है, पण वणां ने या खबर नी के, वो, ने यो आकाश एक ही थांभा पे ठेर रिया है।

२०—झूंठ बोलणो खोटो है, तो थूं झूंठ क्यूं बोलरियो है, ने जो थूं सांच बोले तो फेर झूठ बोलवा वाळो कुण है ? अणी छळ रो भी पार है कई !

२१—आज एक आदमी एक सिद्ध महात्मारी संगति रे वास्ते दोड़्यो जायरियो हो, ने एक सिद्ध महात्मा वीं ने दौड़ायाँ ले' जाय रिया हा। वठे जावा पे दोही सिद्ध सिद्ध तो एक व्हे' गिया ने बापड़ो वो वचे ही पिलाय गियो। (अहंकार ?)

२२—ऊँचो नीचो नी देखणो, सूधो देखणो। ज्यूं बन्दूकरी पंखी देखतीं वगत वीं ने भी नी देखणी तो आपणे हीज बन्दूक लाग जावे, ने विना ही घाव कियाँ प्राण निकळ जावे।

२३—देखाँ आपाँ दोही रूठाँ। थूं म्हारे शूं बोले मती, म्हूं थारे शुं नी बोलूं। दोही साथे ही साथे मुळक्या, ने वीलो' दोही साथे ही साथे बोल गिया। आगे पाछे कोई नी रिया, दोही पेड़ा साथे ही रुक्या ने साथे ही गुड़्या।

२४—देखां, आपां आंखां मिलावां, यो कई थें तो म्हारी आंख में आँख घाल दीधी, म्हूं तो थारीज आंख शूं देख रियो हूं। ने म्हारी आंख भी थारी व्हे' गी'। वाहवा आंख शूं चोरने पकड़े

ने आँखरा चोरने कूंकर कोई पकड़ शके। हे लम्पट! साथे रो साथे क्यूं लागो रे' है, के, क तो आगे निकळजा, ने कोक पाछे रे' जा, पण थूं वांसो कायरो छोड़े। थूं तो रत्ती भर भी अठी उठी नी व्हेवे।

२५—आज थारा सब पोल खोल दूँगा। हां, या कई बात, यो कई सुभाव, दूसरा री बातां तो खूब सुणणो, ने आपरी बात आवे ने मूंडा आड़ो हाथ दे' देणो। पण यूं कीधां कई आत छुपी थोड़ी रे' शके है। जाणे सो तो जाण ही जायगा। थारे मूंडा आड़ो हाथ देवा शूँ ही 'पड़ांख (मालूम) पड़गी' औरां रा इंदाज शूँ आपणे कई मनो मन कई मुळके है, अरयो कई आनंद आयो। थोड़ो म्हांने भी तो खबर पड़े।

२६—थूं आंख क्यूं नी टमकारे है? कई जदीज लोग थने महादेव के' है?

२७—मनख केवे मरतो वगत रामरो नाम ले' णो। पण राम रो नाम लेवे तो जीवतो ही वणी वगत मर जावे। जदीज केवे, राम राम रो मरा मरा व्हे' जावे है। ने मरा मरा रो राम राम व्हे' जावे है थारी माया थूं जाणे।

२८—काच में तो म्हने म्हारो मूंड़ो नीज दीखे म्हूँ तो आंख रा कांच में म्हारो मूंड़ो कई म्हने आखा ने ही देखूंगा, के दिखूंगा, के देखावूंगा, के बोलूंगा, के चुप रे' जावूंगा ? म्हूं काच हूँ के थूं काच है ? म्हारी कल्ली उतार देगा तो पछे थारो मूड़ो कणी में दीखेगा, थूं आस है, के म्हूँ आस हूँ ? म्हारी ठंडाई मिटाय दे'गा तो थारी बोली कठे सुणेगा ? आपां दोही दर्पण हां बस अबे चलकापे चलको पडवा दे।

२९—हे अन्तर जामी ! मनख थने जोर जोर शूँ हेला पाडे, सो वी, यूं जाणता दीखे है, के थूं ऊंचो शुणतो व्हे'गा। पण या खबर कोय नी, के थूं ऊंचो नी पण नीचो शुणे है।

३०—हे अनोखा गघेल्या ! (रें'ठ हांकवा वाळा) यो तीन तरे' री रें'ठ हांकणो थने कणी शिखायो। के कदी तो अरयो हांके के खाली माळ फिरे, ने घेंड़ा रीती हीज रियां जाय, ने कदी अरयो हांके रीती भरी व्हे'ती जाय, ने कदी अरयो हांके के घेड़ां रीती व्हे' ही नी, ने खेती हरी व्हे'ती रे' ने घेड़ां व्हे' ती रेवे।

३१—आपां खूंणी सूं खूंणी ठकोर बैठां हां, ने फेर यो परस्पर पत्र व्यवहार क्यूं।

३२—कई ई कागद है के काच ? हे अनोखा देश रा वासी, थारी भाषा म्हने भी भणाव, के जीमें विना बोल्या बोले, विना आंख वांचे, ने विनां कागद लिखे, ने विना ही जीभ वातां करे, नें घरवाळा में घर रेवे। अस्या देश रा हाल शूं म्हने वाकब कर क्यूँ के दूजो कोई या भाषा नी जाणे है।

३३—हे काचभवन रा निवासी! थें तो त्रिभुवन ने काच भवन कर राख्यो है, जदी'ज कियो है, के:—

मुकर मुकर सब वस्तु भई, नयन अयन किय लाल।
दृग पसार जित जित अली, तित तित लख गोपाल॥

थारे दोहा में कणी ठीक हीज लिख्यो है के:—

कहन सुनन की है नहीं, लिखी पढ़ी नहिं जात।
तुम्हरे मन सों जानियो, मेरे मन की बात॥

— —

॥ श्री हरिः ॥

हृदय-रहस्य

❀ ॐ ❀

हृदय-रहस्य

जिसमें

सर्व मत सम्मत वेदान्त वेद्य अर्थात् ज्ञानयोग (राज-राजेश्वर योग) के मुख्य लक्ष्य का वर्णन किया गया है। जिस प्रकार आत्म-लाभ का मुख्य द्वार होने में मनुष्य शरीर की अन्य शरीरों की अपेक्षा प्रशंसा वेद में कही है, उसी प्रकार अन्य द्वारों की अपेक्षा हृद (हृदय) की भी मुख्यता आत्म-लाभ के लिए कही गई है। जैसे आत्म-प्राप्ति के बिना मनुष्य शरीर व्यर्थ अन्य शरीरों के ही समान है, वैसे ही हृदय स्थान भी अन्य द्वारों के ही समान है । मनुष्य-शरीर का फल हृदयस्थ आत्मा को जानना ही है, यथा (मनुष्याधिकारित्वात्) मनुष्य ही हृदयस्थ आत्मा को जानने का अधिकारी है, ऐसा व्यास सूत्र में विस्तृत कथन है।

॥ ३ॐ ॥

समर्पण

दयानिधान ! परमपूज्य चरण कमलों में यह हृदय रहस्य की पुष्पांजली लेकर उपस्थित हूँ, 'परन्तु किस साहस से अंगीकार करने की प्रार्थना करूं । जो सुदामा के तंदुल और शबरी के बेर की उपमा दूं, तो उनके समान भक्ति-भाव का इस मलिन में पूरा अभाव है, परन्तु कदाचित कुछ-कुछ यहूँ तो वही आपके दयालु स्वभाव का भरोसा है, उसी के आधार से विनय है कि हृदय में से प्रेरणा करके जो लिखाया गया है, वही लिख कर उन्हीं आप के अर्पण करता हूँ । इस हृदय-रहस्य में मेरा कुछ भी नहीं है। मेरा इसमें कुछ ढूंढूं तो सिवाय प्रमाद विपर्यय ज्ञान के और नहीं मिलता है । फिर मैं इसे आपके अर्पण करने का प्रयत्न जो करूं तो आपके दर्शन किस प्रकार पाऊं। क्योंकि (यावत् प्रयत्नलेशोस्ति तावत्तत्वोदयः कुतः) जब तक प्रयत्न का लेश भी है तब तक तत्व का उदय कहां से होवे । इससे आप ही गृहण कीजिये और इसके साथ-साथ अपनी प्रकाश रूप कृपादृष्टि से मेरे अहंता अज्ञान अंधकार को भी निज प्रकाशमय कर दीजिये ।

कृपा दृष्टि का आकांक्षी अनुचर
चतुरसिंह

॥ ॐ ॥

श्री गुरु चरण कमलेभ्यो नमः

हृदय रहस्य

शिष्य— हे कृपालो[१] ! आपकी दया से हृदय की इतनी महिमा जान कर मुझे बहुत आनन्द हुवा । सत् शास्त्रों में यद्यपि यह प्रकरण अनेक जगह आता है, परन्तु गुरु-कृपा बिना जाना ही अनजाना रह जाता है, हुवा भी अनहुवा हो जाता है; इसलिए वेद में आज्ञा है कि गुरु से ही ज्ञान होता है (आचार्यवान्पुरुषो वेद) । फिर श्री गीताजी में भी आज्ञा है कि (उपदेक्ष्यंति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्वदर्शिनः) "तुझे तत्वदर्शी ज्ञानी ज्ञान का उपदेश करेंगे"। मेरे सुकृतों की कहाँ तक प्रशंसा करूँ कि आपके समान आचार्य मिले । यदि ऐसा अवसर मिलने पर भी जो शिष्य अपना

---

१ दयालो कहने से यह अभिप्राय है कि माता के और पुत्र के बीच में भी कुछ अन्तर (दूर) रहता है, परन्तु गुरु तो इतने दयालु हैं कि उनके बिना मैं रह ही नहीं सकता अर्थात् मेरे और गुरु के बीच में दूसरा कुछ नहीं है, इतने निकट हैं (सुहृदं सर्व भूताना)।

संदेह न मिटा लेवे तो उसके समान और कोई अभागा भी नहीं है।

हे प्रभो ! वह हृदय क्या वस्तु है और कहाँ है ?

गुरु—यह परम रहस्य तू पूछ रहा है सो यदि अनधिकारी को कहने योग्य नहीं तो अधिकारी से छिपाने योग्य भी यह नहीं है। हे प्रिय ! चैतन्य का ही नाम हृदय है और इस चैतन्य की प्राप्ति जिस स्थान में होवे उस स्थान का भी नाम हृदय है। जैसे आग का ही नाम अग्नि (वन्हि) है और जब वही आग काष्ठ में प्रज्वलित दिखती है, तब उस काष्ठ को भी आग ही कह कर पुकारते हैं। इसी प्रकार जहां चैतन्य की प्राप्ति होती है, उसे भी हृदय ही कहते हैं। उपनिषद् में हृदय, मन, विज्ञान, प्रज्ञान आदि पर्याय एक ही चैतन्य के नाम कहे गये हैं। इस प्रकार से यह चैतन्य हृदय सर्वव्यापक है, परन्तु जहाँ इसका विशेष रूप से ज्ञान होता है, वही सूक्ष्म हृदय कहा जाता है और वह सूक्ष्म हृदय यह है इसी में तू चैतन्य स्वरूप विराजमान रहता है।

शिष्य—महाराज ! इस सूक्ष्म हृदय का

तो आपकी अनुग्रह से मुझे साक्षात्कार हो गया। अब उस चैतन्य हृदय की प्राप्ति इसमें किस प्रकार होती है अर्थात् उक्त चैतन्य हृदय का भी मुझे इसमें साक्षात्कार करा दीजिये, क्योंकि आपने आज्ञा की है कि सूक्ष्म हृदय में चैतन्य का ज्ञान प्राप्त होता है। परन्तु मुझे तो वह चैतन्य इसके भीतर दिखाई नहीं देता ?

गुरु—हे सौम्य ! जिससे तुझे यह सूक्ष्म हृदय दिख रहा है, वह क्या इस सूक्ष्म हृदय से कहीं अन्य कोई जड़ वस्तु है ? यही चैतन्य का यही साक्षात्कार है। अथवा यों समझ कि जैसे काष्ठ में आग का साक्षात्कार होता है, उसी प्रकार इस स्थान में ही चैतन्य का साक्षात्कार हो रहा है। जैसे काष्ठ ही आग है, ऐसा नहीं कहा जाता, वैसे ही यह स्थान चैतन्य है, यों भी नहीं कह सकते। जैसे सब काष्ठ में आग व्यापक होकर भी प्रज्वलित काष्ठ में ही विशेष रूप से प्राप्त होती है, वैसे ही सर्वव्यापक चैतन्य भी इसी स्थान में विशेष रूप से प्रतीत होता है। इसी कारण इस हृदय की अनंत संत और ग्रन्थ प्रशंसा करते हैं, नहीं तो जितने अवयव इस शरीर के हैं सब ही नाशवान हैं।

परन्तु जैसे पार उतारने के कारण ही नौका की आवश्यकता रहती है, उसी प्रकार चैतन्य ज्ञान के लिए इस हृदय स्थान को जानने की आवश्यकता है। जो कोई पार तो नहीं जावे और नौका ही में रहा करे तो सम्भव है कि जब नौका गले तो वह भी डूब जावे। इसी प्रकार हृदय स्थान की केवल प्रशंसा सुन कर जान लेवे और चैतन्य की उपेक्षा (बेपरवाही) कर देवे, उसे हृदय स्थान का ज्ञान प्रमाद के कारण उपयोगी नहीं हो सकता। हे प्रिय! बुझा हुआ अंगार किसी काम का नहीं रहता, उसी प्रकार यह हृदय-स्थान तो मृतक के भी रहता है, परन्तु इससे क्या प्रयोजन है ? यह तो तुझे धन मिलने के लिए मंदिर के तुल्य कहा है। जैसे एक धनाढ्य सेठ के मरने पर उसके लड़कों को एक बही में लिखा हुआ मिला कि "मैंने अपना कुल द्रव्य प्राचीन चंद्रशेखर (शिव) के मंदिर के शिखर में गाड़ा है, सो पौष शुक्ला द्वितीया के दिन तृतीय पहर में खोद कर निकाल लेना।" जब लड़के उक्त शिखर को गिराने लगे तो लोगों में उनकी बहुत निन्दा हुई और राजाज्ञा से उसका यह प्रबन्ध हो गया कि उसे कोई गिरा

न सके। जब बहुत दिन उन्हें दारिद्रय का कष्ट उठाते हो गये तब उनमें से एक लड़के ने कहा- "हमारे पिता मूर्ख थे जो ऐसे स्थान में रखकर अपने सर्वस्व को खो दिया"। एक ने कहा—"यह बही उन्होंने किसी नशे की प्रबलता में लिख दी है। क्योंकि जब कोई शिखर को खोद ही नहीं सकता तो उन्होंने किस प्रकार धन रक्खा होवेगा ?" किसी ने कहा "यह बही उन्होंने नहीं लिखी, परन्तु किसो गुमास्ते मुनोम ने धन चुरा कर लिख दी है।" परन्तु एक लड़का जो बुद्धिमान पिता में श्रद्धा रखता था, उसने अपने पिता के मित्र से यह सम्पूर्ण बात कह सुनाई और पूछा कि इसका रहस्य क्या है ? तब उस वृद्ध पुरुष ने उस लड़के को बुद्धिमान् और उस धन को पाने का अधिकारी समझ कर कहा:—"हे सुशील ! तेरे पिता ने अनेक कष्टों से संचित द्रव्य को इसी-लिये घर में प्रकट नहीं रक्खा कि ये लड़के जो दुष्ट होवेंगे तो व्यर्थ ही खराब कर देंगे, परन्तु योग्य अधिकारी को जो यह द्रव्य नहीं मिलेगा तो भी मेरा श्रम यों ही रहा। इसलिए उन्होंने उक्त बही लिखी है सो तुझे सब प्रकार अधिकारो

समझ कर यह द्रव्य बताता हूँ। सुन, वही में पौष शुक्ला द्वितीया के दिन तृतीय प्रहर लिखा है। आज वही दिन है और दोपहर भी हो गया है, अब तीसरा प्रहर आरहा है। इसमें यों विचारना चाहिये कि जब शिखर ही में धन है तो यह समय नियत करने की क्या आवश्यकता थी? फिर प्राचीन शिव के मंदिर के विशेषण से भी यही ज्ञात होता है कि प्राचीन शिखर में गाड़ा सो भी नहीं हो सकता। इसलिए उन्होंने उक्त मंदिर के शिखर की छाया में धन गाड़ा है, जो कि उक्त दिन तेरे ही आंगन में आती है। सो तू दूसरे लोग नहीं जाने वैसे निकाल लेना।" यह बात उसको दृढ़ होगई और अपने आंगन में समझ कर उक्त शिखर की छाया में खोद यथेष्ट धन निकाल लिया और अपने बड़े भाइयों को भी आवश्यकतानुसार देता रहा।

इसका भावार्थ यह है कि (धनाढ्य सेठ—प्राचीन महर्षि) (धन-चैतन्य ब्रह्म) (लड़के-सब ही मानव) (वही—सत् शास्त्र) (चंद्रशेखर शिव का मंदिर—मनुष्य जन्म) (पौष शुक्ला द्वितीया का तृतीय प्रहर-सतोगुण) (खोदकर—अभ्यास कर, विचार कर)

(गिराने लगे—व्यर्थ हठधर्मी करने लगे) (निंदा हुई—अभिमान हुवा कि हम ऐसे तपस्वी हैं) (राजाज्ञा से प्रबन्ध—प्रारब्ध से आयुष्य की नियति) (दारिद्रय का दुःख—अनात्मज्ञता) (पिता के विषय में विचार—अनेक वेद विरुद्ध दुराग्रही मनुष्यों के कुतर्क)(बुद्धिमान लड़का—सत्य का शोधक मुमुक्षु) (पिता का मित्र-वर्तमान सद्गुरु)(खराब करना-विश्वास नहीं करना)(दुपहर—रजोगुण) (छाया—हृदय में जो प्रतीत होती है) (तेरा ही आंगन—तेरा ही इस शरीर का हृदय-स्थान) (दूसरे लोग नहीं जानें—दंभ रहित गुप्त साधन) (भाइयों को आवश्यकतानुसार—जिज्ञासानुसार) (तेरे ही आंगन में आती है। ईश्वरानुग्रह) इति ।

इसी प्रकार तू भी अपने चैतन्य धन को अपने ही हृदय-स्थान में प्राप्त करले ।

शिष्य—दयानिधान ! मुझे इस आपके उपदेश से चैतन्य का कुछ-कुछ ज्ञान हुआ है। परन्तु, जब चैतन्य की प्राप्ति के ही लिए स्थूलारुंधती न्याय से हृदय-स्थान जानने की आवश्यकता है, तो कृपा करके चैतन्य का ठीक ज्ञान होने के लिए ही फिर मुझे कुछ आज्ञा करिये।क्योंकि हृदय स्थान को तो

आपकी कृपा से यथार्थ समझ लिया कि चैतन्य का जहां साक्षात्कार हो जावे वही यह हृदय है। अब चैतन्य इसमें किस प्रकार प्राप्त होता है सोही मुझे अपना समझ कर आज्ञा करिये ?

गुरु—हे प्रिय ! अब तुझे चैतन्य का साक्षात् उपदेश करता हूँ, तू सावधान होकर श्रवण कर।

चैतन्य ब्रह्म तेरा ही स्वरूप है, जिसमें तुझे यह सूक्ष्म हृदय-स्थान दीख रहा है, वही चैतन्य तेरा आत्मा है। यह सूक्ष्म हृदय-स्थान में रह कर जो हृदय-स्थान को ही देख रहा है।

प्रश्न—महाराज ! इस हृदय का ज्ञान तो मन से हो रहा है सो क्या मन ही आत्मा है ?

उत्तर—मन को ज्ञान-शक्ति नहीं है। ज्ञान स्वरूप आत्मा का है। इसी से आत्मा को द्रष्टा कहा जाता है। जैसे आँख, पदार्थ की द्रष्टा है और पदार्थ दृश्य है, मन आँख का द्रष्टा है तो आँख भी दृश्य ही है, बुद्धि मन की द्रष्टा है तो मन दृश्य है। यों ही सर्व दृश्य हैं अर्थात् ज्यों इतने जड़ पदार्थ हैं। यों ही मन, बुद्धि भी जड़ और दृश्य हैं। ज्यों इतने पदार्थों का ज्ञान होता है, यों हो मन का भी आत्मा से ज्ञान होता है। इस कारण ज्ञान का भी ज्ञान

आत्मा—सत्, चित्, आनंद स्वरूप है। मन बुद्धि आदि एक ही द्रव्य के अनेक नाम समझाने के लिए कल्पना किये गये हैं, अर्थात् इन सब का जो आधार, जीव का भी जो जीव, वही आत्मा है उससे जानने की इच्छा भी उसी के आधार से है अर्थात् "मैं हूँ" यह भी भान जिसके आश्रय से है, वही निर्विकल्प, अकथ, सर्वदा प्राप्त अर्थात् नित्य आत्मा है। जो देखने से भी नहीं दिखता और बिन देखे भी कहीं नहीं जाता, सहज सदा प्राप्त है, वही चैतन्य हृदय है। यही ज्ञान-नेत्र है और इसी सूक्ष्म हृदय में इसकी प्राप्ति है। जो दर्पण में तेरे नेत्र दिखाई दे रहे हैं और नेत्र में दर्पण दीख रहा है, परन्तु दर्पण और नेत्र दोनों जिसमें दीख रहे हैं वही चैतन्य हृदय है, अर्थात् दर्पण, नेत्र ये दोनों जड़ वस्तु जिसमें दीख रहे हैं, वही चैतन्य है।

हे प्रिय! दूर से एक प्रेमी अपने प्रिय मित्र को देखे और वह भी उसे देखे, तब परस्पर में जो प्रेम का अनुभव करता है वही चैतन्य है। यह बड़े बड़े पृथ्वी, पहाड़, वन, समुद्र आदि जिसमें प्रतीत होते हैं वही चैतन्य है। जिसमें बहुत दूर

के तारा मंडल दीख रहे हैं वही चैतन्य है अर्थात् समग्र जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति जिसमें प्रतीत होती हैं वही ज्ञान-स्वरूप है। हे सौम्य! जिसमें अज्ञान का भी ज्ञान होता है वही अविनाशी ज्ञान तू है। जो दर्पण में नेत्र दीखते हैं, उस दर्पण को भी छोड़ दे और नेत्र को भी छोड़ कर जो रहे वही चैतन्य है। हे विज्ञ! गुरु के उपदेश में संशय मोह, नहीं होते हैं, परन्तु शिष्य ही के संशय मोह, उसको गुरु वाक्य में प्रतीत होते हैं। क्योंकि स्थूल वृत्ति के कारण उसे वह सूक्ष्म विषय भी विपरीत भासता है। जब गुरु कहता है कि तेरे इस सूक्ष्म हृदय में चैतन्य आत्मा है, तब शिष्य उस चैतन्य को भी किसी स्थूल वस्तु की तरह देखना चाहता है। अपनी स्थूल वृत्ति के कारण आत्मा में ही हृदय स्थान को देखने लग जाता है। तब गुरु कहते हैं, हाँ यही आत्मा है, जिसमें तुझे यह सूक्ष्म हृदय प्रतीत होता है। तब सुज्ञ शिष्य तुरन्त चैतन्य स्वरूप को पहिचान लेता है। जैसे [1]चन्द्र को वृक्ष की टहनी

[1] जैसे वृक्ष की टहनी भी चन्द्र के प्रकाश ही से दीखती है और चन्द्रमा का साक्षात्कार भी अपने ही प्रकाश से होता है, परन्तु टहनी वहां निमित्त मात्र है। (चन्द्र=आत्मा। टहनी-हृदय)

पर दिखाया जाता है, उसमें बुद्धिमान तुरन्त चंद्र दर्शन कर लेता है, परन्तु मूर्ख टहनी को ही चंद्र समझने लग जाता है और उसी टहनी को देखा करता है। इसी प्रकार हृदय का ज्ञान गुरु चैतन्य प्राप्ति के लिए कराते हैं; और हृदय के ज्ञान के संग ही चैतन्य हृदय का ज्ञान भी मिला हुवा ही रहता है। क्योंकि हृदय-स्थान में से जो हृदय-स्थान को जान रहा है, वही ज्ञान-स्वरूप आत्मा है। जैसे बगीचे को सब कोई देखते हैं; पर उस समय पृथ्वी का ज्ञान किसी ही को रहता है और चंद्र, नक्षत्र को देखते समय आकाश का ज्ञान विरले को ही रहता है, वैसे ही साधक आधार को भूल हृदय-स्थान को ही देखते रह जाता है। परन्तु जिसमें वह दीख रहा है और जो उसमें है और जिसके जानने के लिए ही इस सूक्ष्म हृदय का उपदेश हुवा, उस ज्ञान-स्वरूप चैतन्य में विरले ही सुशिष्य तन्मय (लीन) होते हैं। हे भाई! इस सहज सर्वोत्तम अविनाशी चैतन्य आप की प्राप्ति में क्या श्रम है? केवल श्रद्धा की ही आवश्यकता है, सो तो नहीं प्राप्त होते और जो कठिन नीच क्षण-भंगुर जड़ अन्य है उसी के लिए मारे-

मारे फिरते हैं। अस्तु! फिर भी चैतन्य स्मृति के लिए मैं जो वचन कहता हूँ, उन्हें तू ध्यान लगा कर सुन । जितने सत् शास्त्र हैं, सब ही चैतन्य प्रतिपादक हैं और अनेक युक्तियें उनमें इसी को जानने के लिए कही है। जिस प्रकार रथ का पहिया मध्य की कील के आधार पर ही भ्रमण करता है, उसी प्रकार सम्पूर्ण शास्त्र इसी चैतन्य आधार पर कहे गये हैं। जो असत्शास्त्र इसी के आधार पर हैं तो भी उनका मुंह इसकी तरफ नहीं है और सत् शास्त्र इसी के सन्मुख हैं। परन्तु आत्मा तो एक स्थिर है और विचार कर देखने से रथ का पहिया भी इसी पर स्थित है। वह भी अन्यत्र कहीं नहीं जाता तो भी लोक में पहिये को चलता कहते हैं और कील को स्थिर कहते हैं। इसी प्रकार हृदय-स्थान को रथ-नाभी अर्थात् पहिये के बीच का छिद्र समझना चाहिये और चैतन्य को उक्त मध्य की कील समझना चाहिये। इसीलिये कहा गया है कि—लोह-दंड प्रमाणेन कृतदृष्टि समभ्यसेत् (लोह दंडवत् दृष्टि करि, गे चहुँ तारक माय)। इसका भाव यही है कि स्थिर चित्त

करना। जिस प्रकार लोह की शलाका नहीं हिलती उसी प्रकार दृष्टि का स्थिर होना ही चैतन्य ब्रह्म है।

शिष्य—हे करुणा-सिन्धो! मैं अपने अज्ञान से ही प्रश्न करता हूँ परन्तु आप अपनी दयालुता से विना ही उद्वेग प्रेम से उत्तर देते रहते हैं। परन्तु क्या किया जाय, विना पूछे जो मैं बैठा रहूँ तो संदेह भी मेरे चित्त में बैठा रहे, और "संशयात्मा विनश्यति" यह भगवद्वचन हैं। इसलिए मैं वारंवार जो आपको श्रम देता हूँ, क्षमा करें।

गुरु—हे विनीत! तू निःसंदेह यथाकाम प्रश्न कर, मैं तुझ से इस बात पर बहुत प्रसन्न हूँ।

शिष्य का निश्चय अब किस-किस पर है, मेरे कथन से इसको कितना निश्चय हुवा, और कितना बाकी है, मेरे कथन का क्या भाव (अर्थ) इसने समझा, जिससे इसको फिर भी इस प्रकार का सन्देह हुवा। अब किस प्रकार कहने से इसे यथार्थ बोध होवेगा और यह संदेह होने से ज्ञात होता है कि इतनी उन्नत भूमिका को तो यह पहुंच गया और इतना ही निश्चय होना अब शेष रहा है। जैसे भगवद्वचन है कि (बहूनां जन्मनामंते) "बहुत जन्म उपरान्त ज्ञानवान मुझे प्राप्त होता है, सब

ही वासुदेव है, ऐसा वह महात्मा अत्यंत दुर्लभ है।'

भावार्थः—ज्ञानवान तो सब ही हैं परन्तु मुझे बहुत जन्मों के अंत में कोई प्राप्त होता है। यहां दृढ़ निश्चय ही जन्म समझना चाहिये; जैसे किसी को मद्य ही सुखप्रद है, इससे अधिक और क्या है। ऐसा निश्चय हो रहा है यही उसका एक जन्म समझना चाहिये। परन्तु वैद्य से मद्य के अवगुण सुन कर जब उसे अनुभव भी कर लेता है और लोक में भी जब उसका विश्वास नहीं रहता, तब वही ज्ञानवान उस मद्य का त्याग कर देता है और उसे यह निश्चय हो जाता है कि वास्तव में मद्य ही मद्यः दुःखप्रद है। यही उसका प्रथम का देहान्त हुवा और दूसरा नया जन्म यह हुआ कि मांस तो हानिप्रद नहीं प्रत्युत लाभप्रद ही है। इसी प्रकार एक निश्चय का होना जन्म और उसका छूटना मृत्यु, फिर दूसरा निश्चय होना जन्म। इसी प्रकार निरन्तर (बहुत) अनंत जन्म हुआ करते हैं और वे जन्म ज्ञान से ही होते हैं। परन्तु जब बहुत जन्मों (निश्चयों) का अंत हो जाता है, वही मेरी प्राप्ति है अर्थात् बहुत निश्चयों के अंत में वही

ज्ञानवान मुझे अपने आप को प्राप्त हो जाता है। वह अंत निश्चयों का क्या है ? इस पर आज्ञा करते हैं कि सब ही चैतन्य वासुदेव है इति, यही मेरी प्राप्ति है। परन्तु वह महात्मा अति दुर्लभ है, जिसको कि इस प्रकार जन्मों का अंत प्राप्त होवे। यही बात श्री ईसा महात्मा ने निकोदोम नामी एक वृद्ध को आज्ञा की है कि "मैं तुझे सच कहता हूँ कि जो कोई फिरके न जन्मे—दूसरा जन्म ग्रहण नहीं करे अर्थात् अपने विपरीत निश्चय को त्याग कर सत्य का निश्चय न लेवे, वह ईश्वर का राज्य नहीं देख सकता है" इत्यादि। इसी प्रकार तेरे भी बहुत जन्मों का अंत अब आ गया है, ऐसा मुझे प्रतीत होता है। जब तू मेरे पास आया था, तब से अबतक तेरे अनेक जन्म हो चुके हैं। परन्तु अब तेरे कुछ थोड़े से ही जन्म बाकी हैं। सो उनका भी प्रश्नोत्तर द्वारा अंत हो जाएगा। यदि एक भी जन्म बाकी रह जाय, तो उसी में से फिर अनेक जन्म का घटीयंत्र बन जाता है। सो तू यथेच्छ प्रश्न कर, मैं सहर्ष उत्तर देऊंगा।

शिष्य—प्रभो ! दृष्टि चैतन्य किस प्रकार होती है ? चैतन्य तो द्रष्टा को कहते हैं ?

गुरु—हे सुज्ञ ! स्थिर दृष्टि से चैतन्य ही मैंने कहा है। चैतन्य की स्थिरता में जो स्फुरण वही दृष्टि नाम को पाता है। यथा (योगश्चित्तवृत्ति निरोधः) (तदाद्रष्टुः स्वरूपे ऽ वस्थानम्) चित्त वृति का निरोध (स्थिरत्व) ही योग है, तब द्रष्टा की अपने आप में स्थिति होती है।

शिष्य—वृत्ति और दृष्टि में क्या अन्तर है ?

गुरु—नेत्र से जो वृत्ति प्रतीत होवे उसे ही दृष्टि कहते हैं। ऐसा व्यवहार[1] है परन्तु मेरे कहने का अभिप्राय चैतन्य ही से है। तू इधर ही ध्यान दे कि दृष्टि ही चैतन्य है। परन्तु जब वह देखने का काम करे तो दृष्टि नाम पड़ता है। देखने का काम करने से द्रष्टा और दीखने से वही दृश्य नाम को अंगीकार करती है। ज्यों स्त्री पति के भाव से है, जन्म देने से वह पुत्र की माता है, जन्म लेने से वह माता की पुत्री है। इसी प्रकार वही एक वस्तु भाव के अनुसार अनेक प्रकार की प्रतीत होती

---

१ परन्तु व्यवहार में भी कहते हैं कृपा दृष्टि बनी रहे तो जो दूर से भी रह सके वही दृष्टि है। सूक्ष्म दृष्टि या वृत्ति इसी का नाम है। इसी का अंतर करना अभीष्ट है।

है। वास्तव में उस स्त्री को स्थूल प्रतीत होने पर भी (कुछ है) इसके बिना और क्या कह सकते हैं? ज्यों इसका (है) यही मुख्य नाम है। ऐसे ही वृत्ति भी तू है इसी भांति समझले। यही वृत्ति की स्थिरता ब्रह्म है। जैसे कहा है कि "अंतर्लक्ष्यं बहिर दृष्टिः" "ऊर्ध्वमूल" ऊर्द्ध दृष्टिरधो द्रष्टि" "अनुसंधान मात्रेण योगोयं सिद्धि 'दायकः।" भीतर ज्ञान अर्थात् सुरत, बहिर दृष्टि, बहिर नेत्र की दृष्टि (वृत्ति) ऊर्द्ध में दृष्टि भी वही अस्ति-ज्ञान बाहिर दृष्टि नेत्र की वृत्ति ऊर्ध्व मूल अधः शाखः से भी यही प्रयोजन है। यह योग अनुसंधान (सुरति स्मृति विचार मात्र से ही) सिद्धि (मोक्ष को) देने वाला है। फिर श्रुति है कि (परां चिखानी व्यतृणत्स्वयंभूः?) इन्द्रियें बहिर्मुख ही परमात्मा ने रचना करीं सो अंतर में नहीं देख सकती। परन्तु कोई ही धीर प्रत्यगात्मा को देखता है अमृत की इच्छा से देखने को उलट के इत्यादि बहुत बचन हैं।

शिष्य—महा प्रभो! मुझे बारंबार यही

१ दृष्टि का अर्थ सुरता है ऐसा संत बचन से ज्ञात होता है।

विचार हुआ करता है कि अंतर में कैसे और कहाँ देखूँ ? कोई कहता है त्रिकुटी में तो कोई नाभी आदि स्थान बताते हैं। परन्तु मुझे तो कुछ भी नहीं दीखता और यह भी संदेह होता है कि नाभि आदि स्थान में परमात्मा कैसे प्राप्त होता है ?

गुरु—हे प्रिय ! वृत्ति को सूक्ष्म करने के लिए ये पट्चक्र आदि कथन किये गये हैं परन्तु तुझे उच्च विचार युक्त समझ कर यह राजराजेश्वर योग ही उपदेश किया । यह योग वेदान्त वेद्य है। तेरे अभिप्राय को भी मैं समझ गया सो सुन। जब बाहर के स्थूल विषयों का इन्द्रियों को त्याग होता है परन्तु अंतर में वेही उन्हें दिखाई देते हैं। इसका नाम राज योगी, वृत्ति का अन्तरमुख होना नहीं कहते । राज योग में तो पूर्वोक्त ही *चैतन्याकार होना अन्तरमुख* और *पदार्थाकार होना ही बुहिर्मुख है ।* अर्थात् स्फुरण ही बहिर्मुख पदार्थ, अविद्या, अज्ञान, माया, मन, अहंकार, आदि नाम से कहा गया है।

१ यह भी एक क्रम सूक्ष्म वृत्ति करने का है कि नासिकाग्र और नेत्र के बीच जो आकाश उसे देखा करे। नासाग्र और नेत्र दोनों को त्याग दे ?

उसी स्फुरण को चैतन्य समझना और लय होना जैसे जल के स्फुरण ही तरंग, चक्र, बुद बुद, आदि को जल ही समझना अथवा घट को मृत्तिका समझना ही वृत्ति को अंतरमुख कहा जाता है अर्थात् वृत्ति को चैतन्य समझना ही यहां अंतर-मुख कहा है, न कि बाहर के पदार्थ न दीखे इसलिए आँख बंद करना कानों के छिद्र बन्द करना वा प्राण पीडन करना इत्यादि तो हठ योग है जो नीचे के अधिकार के वास्ते कहे गये हैं। परन्तु तुझे इससे क्या प्रयोजन है? तू अब उपरोक्त वचनों का ध्यान से श्रवण कर कि उनका ठीक अभिप्राय क्या है? 'अंतर्लक्ष्य बहिर्दृष्टिः' इसका यह अभिप्राय है कि बाहर जो पदार्थाकार दृष्टि हो रही है उस दृष्टि का लक्ष्य भीतर ही होना चाहिये। इससे यह अभिप्राय नहीं है कि शरीर में लक्ष्य होवे। शरीर में लक्ष्य होने से ही तो बंधन हुआ है फिर उसे ही दृष्टि करने की क्या आवश्य-कता? यहाँ अंतर का अर्थ वृत्ति ही में लक्ष्य है अर्थात् वृत्ति के ही भीतर वृत्ति को लय कर देना, जैसे कछुआ अपने ही में अपने को लय कर देवे। उसी प्रकार वृत्ति को अपने ही (वृत्ति में ही) लय

कर देना यही अंतर लक्ष्य का अर्थ है। अब कुछ अंतर और बहिर का अर्थ कहता हूँ जिससे यह विषय और भी स्पष्ट हो जावेगा। अंतर किसे कहना चाहिए? हे सुबुद्धे! व्यवहार के सब ही शब्दार्थ सापेक्ष हैं। तो भी स्थाली पुलाक न्याय से इसे ही तू समझ कि अंतर का अर्थ भीतर है। अब भीतर किस को कहना चाहिये? इस आकाश के भीतर चार तत्व हैं। उसमें भी क्रम से वायु, अग्नि जल के भीतर पृथ्वी है और यह पार्थिव शरीर जिस जगह पर स्थित है वह स्थान भी एक खंड के एक शहर के एक घर के भीतर है। अब इसमें भी वृत्ति सब के भीतर है उसी वृत्ति को अंतर लक्ष्य कहा कि भीतर की तरफ करना तो अब विचारने का विषय है कि वृत्ति किस भीतर की वस्तु में लगे इसका स्पष्ट अर्थ राजयोगी ही कर सकते हैं कि वृत्ति का चैतन्याकार होना ही अंतर लक्ष्य शब्द का भावार्थ है, न कि शरीर में किसी ओर लगाना। क्योंकि वृत्ति की अपेक्षा (वृत्ति से) शरीर बाहिर कहा जाता है भीतर नहीं अर्थात् *वृत्ति का वृत्ति में लय ही राजयोग है।* वृत्ति से आगे

अंतर वो ही आत्मा है जिसके लिये वेद भी 'नेति नेति' कहते हैं। यहां तक वाणी, मन, वृत्ति की पहुंच है कि *वृत्ति में वृत्ति का लय होना ही परमधाम मोक्ष है।*

इसी उद्देश्य से सब ही कथन है। यम, नियम, सब ही यथेष्ट व्यवहार के अंतर और क्रम से एकान्त स्थान आसन आदि भी अंतर से अन्तर है। फिर इसी जगह आकर सबको विश्राम करना पड़ता है। यह परम योग तुझे भक्ति श्रद्धादि युक्त समझ कर ही कहा गया है। इसी प्रकार 'ऊंचा मूल नीची शाखा, ऊर्ध्व दृष्टि अधो दृष्टि और आवृत चक्षु' से भी वृत्ति का वृत्ति में ही ठहरना अभीष्ट है। इसी से आत्म लाभ है (अंतरादंतरं ज्ञेयं नारिकेल फलाम्बुवत्) इसी क्रम से भूत, भूत शुद्धि, पंच कोष आदि परमार्थ क्रम रखे हैं। कपिल गीता में भी अधिकारानुसार प्रणव पंचक के पांच प्रकार में पंच मही गम्य स्थान है, सिवाय वृत्ति के आश्रय

१ यथा—योगिनामपि सर्वेषां मद्गतेनान्तरात्मना ॥ श्रद्धा वान् लभतेयो माँ समेयुक्ततमोमतः ॥१॥ मुझ में वृत्ति को लय कर यह अंतरासनों का भाव ज्ञात होता है ॥

कर देना यही अंतर लक्ष्य का अर्थ है। अब कुछ अंतर और बहिर का अर्थ कहता हूँ जिससे यह विषय और भी स्पष्ट हो जावेगा। अंतर किसे कहना चाहिए? हे सुबुद्धे! व्यवहार के सब ही शब्दार्थ सापेक्ष हैं। तो भी स्थाली पुलाक न्याय से इसे ही तू समझ कि अंतर का अर्थ भीतर है। अब भीतर किस को कहना चाहिये? इस आकाश के भीतर चार तत्व हैं। उसमें भी क्रम से वायु, अग्नि जल के भीतर पृथ्वी है और यह पार्थिव शरीर जिस जगह पर स्थित है वह स्थान भी एक खंड के एक शहर के एक घर के भीतर है। अब इसमें भी वृत्ति सब के भीतर है उसी वृत्ति को अंतर लक्ष्य कहा कि भीतर की तरफ करना तो अब विचारने का विषय है कि वृत्ति किस भीतर की वस्तु में लगे इसका स्पष्ट अर्थ राजयोगी ही कर सकते हैं कि वृत्ति का चैतन्याकार होना ही अंतर लक्ष्य शब्द का भावार्थ है, न कि शरीर में किसी ओर लगाना। क्योंकि वृत्ति की अपेक्षा (वृत्ति से) शरीर बाहिर कहा जाता है भीतर नहीं अर्थात् *वृत्ति का वृत्ति में लय ही राजयोग है।* वृत्ति से आगे

अंतर वो ही आत्मा[1] है जिस के लिये वेद भी 'नेति नेति' कहते हैं। यहां तक वाणी, मन, वृत्ति की पहुंच है कि *वृत्ति में वृत्ति का लय होना ही परमधाम मोक्ष है।* इसी उद्देश्य से सब ही कथन है। यम, नियम, सब ही यथेष्ट व्यवहार के अंतर और क्रम से एकान्त स्थान आसन आदि भी अंतर से अन्तर है। फिर इसी जगह आकर सबको विश्राम करना पड़ता है। यह परम योग तुझे भक्ति श्रद्धादि युक्त समझ कर ही कहा गया है। इसी प्रकार 'ऊंचा मूल नीची शाखा, ऊर्ध्व दृष्टि अधो दृष्टि और आवृत चक्षु' से भी वृत्ति का वृत्ति में ही ठहरना अभीष्ट है। इसी से आत्म लाभ है (अंतरादंतरं ज्ञेयं नारिकेल फलाम्बुवत्) इसी क्रम से भूत, भूत शुद्धि, पंच कोष आदि परमार्थ क्रम रखे हैं। कपिल गीता में भी अधिकारानुसार प्रणव पंचक के पांच प्रकार में पंच मही गम्य स्थान है, सिवाय वृत्ति के आश्रय

---

१ यथा—योगिनामपि सर्वेषां मद्गतेनान्तरात्मना ॥ श्रद्धावान् लभतेयो मॉं समेयुक्ततमोमतः ॥१॥ मुझ में वृत्ति को लय कर यह अंतरासनों का भाव ज्ञात होता है ॥

कुछ कहा नहीं जाता और प्रकृति का लय जहाँ होवे वहाँ आत्मा है। यथा (चल चित्तं भवेच्छक्तिः स्थिरचित्तं भवेच्छिवः) (चल चित्त शक्ति और स्थिर चित्त शिव होता है) यहाँ चल चित्त में स्थिर चित्त होना ही अंतर लक्ष्य और चल चित्त ही वर्हिदृष्टि है अर्थात् चल चित्त से स्थिर चित्त का अनुसंधान करना ही अंतर लक्ष्य वर्हिदृष्टि का अर्थ होवेगा। चल चित्त है सो क्या है, कि यही चैतन्य वृत्ति ही चित्त है ऐसा विचार सो भी चल चित्त अर्थात् वर्हिदृष्टि हुआ और इसी विचार से विचार का विचार करना बंद होकर स्थिर हो जाना ही अन्तर लक्ष्य हुआ। चेतन्याकार वृत्ति का करना अंतर लक्ष्य वर्हिदृष्टि हुआ, चैतन्य ही वृत्ति के भीतर लक्ष्य है और उसका (वृत्ति का) उधर करने का अभ्यास ही बहीर्दृष्टि है अर्थात् चिदाकार वृत्ति को करना ही उक्त मंत्रों का अर्थ है— इस उपरोक्त कथन को ही अनेक महात्माओं ने आज्ञा किया है। यथा (अंतर लक्ष्य विहीनस्य वर्हिलक्ष्यं निरर्थकम्) (अंतर लक्ष्य रहित के बाहिर का लक्ष्य व्यर्थ है) (चक्षुर्दृष्टे साक्षिभागोप्यवलोकनतत्परं प्रकाशते स्वयं ज्योतिर्निरस्त

तत्र पश्यतु) (चक्षु की जो दृष्टि उसका साक्षी भाग जो देखने वाला द्रष्टा है जो स्वयं प्रकाश स्वरूप है उस ही को मनुष्य वहां देखे) इस प्रकार का कपिल गीता में यह अच्छी तरह कहा गया है। फिर कुछ संतों के वचन सुन बुन्नाशाह अपनी सी हरफो में आज्ञा करते हैं कि:"चे चानणा सर्व जिहान दातू, तेरे आसरे होइ विवहार सारा। "होइ सभन की आखमो देखदा है तुझे सूझता चानणा और अंधारा" अर्थ—सब जिहान का तूही चानणा (प्रकाश) है तेरे ही आसरे सब व्यवहार हो रहा है। सब की आँख में होकर तू ही देखता है। अंधकार और प्रकाश तुझे ही दीखता है।

फिर हरिदासजी आज्ञा करते हैं:—"सकली सकलां चे जीवन योगियाँ चे ध्येय धन। नयना चा निज नयन, प्रत्यक्षा कारज,, अर्थात् सब वही होकर सब का जीवन है, योगियों का ध्येय धन है और नेत्र का निज नेत्र है और प्रत्यक्षाकार है। फिर कहा है कि जो हृदयस्थ आतमा राम है उसका वाणी से क्या नाम कहूं, वहां अहंता का क्या काम है?

फिर कहा है कि (रूपं दृश्यं लोचनं दृग् दृग् दृश्यं दृगातु मान से दृश्याधीः साक्षयो वृतिः दृगे वनतु दृश्यते । कि रूप दिखता है, आँख उसकी दृष्टा है,

आँख दिखती है मन उसका देखने वाला है। मन दिखता है बुद्धि से, बुद्धि वृत्तियों से दिखती है परन्तु देखने वाला नहीं दिखता है यदि नहीं दिखता है तो होवेगा ही नहीं। इस का उत्तर यह है कि देखने वाला है, उसको देखने वाला कोई दूसरा होवे तो वह दीखे परन्तु उसको देखने वाला और कोई है नहीं और जो है सो सब दिखने वाला है। दृष्टा एक ही है। फिर ज्ञानेश्वर महाराज आज्ञा करते हैं कि:—"दीठी आपणी मुरडे ते दीठी पण ही मोडे, परी नाही नोंहे फुडे ते जाणे चिते"॥ इत्यादि कीदृष्टि जब अपनी (दृष्टि की) तरफ फिर कर देखती है। तो उसका दृष्टित्व ही नष्ट हो जाता है, परन्तु वह

(१)"न दृष्टुर्लोपो भवति"–भाव-देखने वाले को दृष्टि का लोप नहीं होता जब और नहीं दीखता तो अपने आपको ही देखता है। दृष्टा की दृष्टि का लोप नहीं होता। जानने वाले को किससे जाने आत्मा को देखना चाहिये, सुनना चाहिये। इन श्रुति वाक्यों का यह अभिप्राय है कि आत्मा को देखने वाला और कोई नहीं है ज्यों आँख को आँख ही देख सकती है अन्य नहीं।

है हा नहीं ऐसा नहीं हो सकता। क्योंकि वह स्वयं ज्ञान रूप है जैसे अति काला आदमी अंधेरे में खड़ा रहे तो वह दूसरे को भी नहीं दीखता और अपने आपको भी वह नहीं दीखता, तो भी उसे मैं हूँ ऐसा ज्ञान रहता ही है अर्थात् उसे यों भान नहीं होता कि मैं नहीं हूँ। ऐसा ही भान रहता है इत्यादि अनेक प्रमाण हैं। हे प्रिय! जिससे नेत्र भी साधक को देखते हैं वही नेत्र किस प्रकार से कहा जाय। जब साधक आपही अपने नेत्र को देखता है, वही देखने वाला, दृष्य-नेत्र नहीं हो सकता है। इसलिए तूँ स्थूल धारण का परित्याग करदे और अपने आप में स्थित हो जाय। श्रीज्ञानेश्वर महाराज आज्ञा करते हैं कि:—"दर्पणे वीण डोला आपणे भेटिव साहेला इत्यादि कि बिना ही दर्पण के जो अपनी ही आँख से अपने को ही मिल जाता है, देखता है, वही आत्मा है। हे सौम्य? यह हृदय स्थान और आत्मा मनुष्य मात्र को प्रत्यक्ष है तो भी साधन तथा गुरु कृपा बिना अप्राप्त ही सा रह जाता है। जब मनुष्य परस्पर मिले तब प्रथम हृदय ही प्राप्त होता है। अथवा यह परम उत्तम उपदेश तुझे हृदयस्थ आत्म

प्राप्ति के अर्थ करता हूँ सो तूँ ध्यान सहित श्रवण कर कि जब तूँ दर्पण में एक एक करके सब अङ्ग को देखे तो और जहाँ आकर देखना रुक जाय वही आत्मा है। जैसे कुलीन स्त्री को अपने पति का नाम पूछने पर वह चुप हो जाती है। इसी प्रकार जहाँ तेरी वृत्ति अपने आपही में लय हो जावे यही परमात्मा देव मायापति भगवान् हैं। यही बात संक्षेप में इस दोहे में आगई है:—

"दृष्टा दृष्य विलोरिके, दृष्टी देख गुमान।
रामही दृष्टा दृष्टि को, सो तू लेहि पिछान॥"

शिष्य—हे सगुण ब्रह्म योगीश! यह परम उपदेश सुन कर मुझे परमानंद होता है, अब थोड़े संदेह रह गये, उनका भी संक्षेप से उत्तर दीजिये दक्षिण वाम भेद हृदय स्थान में क्यों कहा गया?

गुरु—चित्त की एकाग्रता के लिए यह मुख्य मार्ग है। यही उत्तरायण के नाम से प्रसिद्ध है और वाम दक्षिणायन के नाम से कहा गया है जिससे पुनरावृत्ति कही गई है। परन्तु उपरोक्त केवल चैतन्याकारता वृत्ति का करना, इनक्रम गति और पुनरावृत्ति को त्याग कर तत्क्षण ब्रह्माकार हो जाता है। दोनों को एक ही समझ कर केवल

चैतन्याकार होना ही तुझे ऊपर कहा है। दोनों एक किस प्रकार हैं ? इस पर श्री ज्ञानेश्वर महाराज के वचन श्रवण योग्य हैं यथाः—

ति दों हों फुली एकी वृत्ति"

इत्यादि अर्थः—जैसे "अः" ये "अ" के आगे दो बिन्दी दिखती हैं तो भी उच्चारण एक ही होता है, दो गुलाब के पुष्पों में सुगन्ध एक ही होती है, दो दीपक का प्रकाश एक होता है और दो होठों का एक ही शब्द होता है। जैसे दोनों आँखों की दृष्टि एक ही होती है वैसे ही ज्ञान दृष्टि से वह एक ही है।

शिष्य—महाराज ! आत्म लाभ के लिए हृदय स्थान को ही मुख्यता क्यों है ?

गुरु—राजा की प्राप्ति के लिए राजद्वार चंद्र दर्शन के लिए वृक्षाग्र और शरीर की स्थिति जानने के लिए दक्षिण हस्त की नाड़ी की जैसे मुख्यता है, वैसे ही।

शिष्य—राज दर्शन के लिए भी महल में अनेक ड्योढ़ियां होती हैं, चंद्रदर्शन के लिए भी बादल, महल, पर्वत आदि हैं और शरीर की स्थिति

नेत्र, छाती आदि से भी ज्ञात होता है। त्यों हृदय से ही आत्मा लाभ कैसे ?

गुरु—आत्म-लाभ अनेक प्रकार से कहा गया है। छांदोग्य में चार द्वार बताये हैं। परन्तु मुख्यता इसी हृदय स्थान की यों कहीं है, कि यहां ज्ञान की प्राप्ति साक्षात् है अन्यत्र परंपरा से है। ज्यों शब्द का आघात होने से उसकी लहरें कान में आकर जब टक्कर खाती हैं तब शब्द ज्ञान होता है। यों हृदय स्थान में परंपरा ज्ञान नहीं है परन्तु साक्षात् ज्ञान है। यह तो प्रत्यक्ष ही है (कंटकाग्रं कृतंकेन) कपिल गीता में कहा है कि कंटक के अग्र को तीक्ष्ण किसने किया। सिंह में पराक्रम, मयूर में नृत्य किसने किया। आप ही से है। यों ही आत्मस्थान यह हृदय स्वभाविक है इसी लिए प्रगट रक्खा गया है और मनुष्य की स्वभाविक ही प्रथम दृष्टि इधर हो जाती है। परन्तु अज्ञानी यह बात नहीं समझते। लोकोक्ति है कि "जुगत-मुगत" सो यही जुगत से इसी जगह (मुगत)

१ जैसे सब शरीर तुल्य होने पर भी आत्म लाभ के लिए मनुष्य शरीर ही मुख्य माना गया है त्योंही सब द्वारों में आत्म लाभ के लिए श्रुति में इस की मुख्यता कही है।

(मुक्ति) मिल जाती है। परन्तु तूं इस स्थान ही में मत दृढ़ हो। स्थान तो स्थूल है। इतनी प्रशंसा इसकी परब्रह्म के विराजने का आसन होने से कही गई है।

शिष्य—इस सूक्ष्म हृदय में अनेक ब्रह्म किस प्रकार हैं?

गुरु—हे सौम्य—जिस प्रकार झीने झरोखे से सूर्य का प्रकाश भी झीना (सूक्ष्म) ज्ञात होता है, उसी प्रकार इतने बड़े शरीर में सूक्ष्म हृदय जितना छोटा है उसी प्रकार जिस आत्मा का सूक्ष्म हृदय ही शरीर है वह कितना बारीक होगा, परन्तु महान् घन अंधकार में जब थोड़ा सा भी झरोखे से प्रकाश आता है तब उस अंधकार से दबता नहीं प्रत्युत विशेष शोभायमान होता है। उसी प्रकार अनन्त ज्ञान-स्वरूप ब्रह्म हृदय से ज्ञान-स्वरूप होकर अखिल ब्रह्माण्ड को प्रत्यक्ष कराता है। जो कोई इस प्रकाश का अवलँबन कर अंधेरे रूपी अज्ञान से निकल जावे वह प्रकाश हो प्रकाश अनन्त प्रकाश मय हो जाता है। हे प्रिय! इसी ज्ञान-स्वरूप ब्रह्म को प्रजा पति ने सुरपति के लिए कहा। परन्तु स्थूलवृत्ति से वे नहीं समझ सके। तब

घट शराव में इसी का साक्षात्कार कराया। परन्तु ता भी जब स्थूल ही को ब्रह्म समझा। तब प्रजापति ने उन्हें विभूषित होकर घट शराव में देखने को कहा इससे यही अभीप्राय है कि शरीर के विकार सुरूप-कुरूप जिससे जाने जाते हैं वही ज्ञान-स्वरूप साक्षी सच्चिदानन्द आत्मा है। फिर भी स्थूलवृत्ति के कारण उन्हें ज्ञान न हुआ तो क्रम से स्वप्न द्रष्टा कह कर सुषुप्ति को द्रष्टा कहा फिर वही पुर्वोक्त ज्ञान स्वरूप अपना आप कह कर समझाया इस लिए तूँ भी स्थूलता छोड़ अपने को ही प्रत्यक्ष कर।

शिष्य—उसका क्या नाम है और कैसा रूप है ?

गुरु—उसके नाम रूप कुछ नहीं होकर भी नाम रूप का वही आधार है। यह अपने उपासक को अनेक रूप और नाम से दर्शन होता है। उसके नाम रूप को वही कह सकता है। दूसरा नहीं परन्तु जो आत्मा से कोई पूछे कि आपका क्या नाम है ? तो वे यही उत्तर देवें कि लोक में मुझे अहं नाम से ही मैं प्रसिद्ध करता हूँ। जैसे मनुष्य नाम का वाची मनुष्य है उसी तरह अहं (मैं) नाम का अर्थ मैं ही हूँ।

शिष्य—महाराज! हृदय स्थान का कथन श्री मद्भगवतगीता में तो नहीं है।

हे सौम्य गीताजी में इसको बहुत सा कहा है (सर्व-द्वाराणि संयम्य) गुरु आदिक परन्तु मूरख यह रहस्य नहीं समझते और रहस्य कहना वेदाज्ञा नहीं है। ये सेन ही संकेत कर दिया है। समझने में गुरु कृपा से हीआता है। और मुख्य आत्मा का तो यथार्थ वर्णन है ही। जब अर्जुन को उक्त ज्ञान विस्मरण हो गया तब अनु-गीता में क्रम से कुछ यह वर्णन किया है परन्तु इस में और गीता में एक ही बात है। यह कपिल गीता में भी लिखा है कि श्री कृष्ण ने अर्जुन को यही तत्व उपदेश किया। इसलिए बिना डाली के चंद्र को ही देखने से वह चंद्र दूसरा नहीं होता। प्रयोजन उक्त चैतन्य आत्मा से ही है। जो अहं शब्द का जीव है अर्थात् "अहं" कि जिसने कुछ भी जगह बाकी न छोड़ी अर्थात् "अहं" को मिटाकर आपही रह गया जैसे लवण को व्याप्त होकर जल ही रह जाता है। तू सहज विचार यही रख कि मैं प्रभु का हूँ परन्तु मुझसे मेरा कुछ भी नहीं है सब उसी का है।

शिष्य—यह तो आप सर्वत्र आज्ञा करते हैं फिर अहं मैं ही क्यों ?

गुरु—सब वृत्ति चंचल है और वृत्ति स्थिर न होने से स्थिर जल में चंद्र बिम्बवत् साक्षात्कार हो जाता है । जब तू दृढता से यह साधन करेगा तो तुझे अपने ही में सब प्रत्यक्ष दीखने लगेंगे, अथवा अभी जो कुछ दीख रहा है, सुन रहा है, विचार रहा है निश्चय कर रहा वह भी तेरे ही में नहीं तो किसमें दीखते हैं ।

शिष्य—हे उदार प्रभो ! आपकी कृपा से ऐसे सरल उत्तम उपदेश को आज प्राप्त होकर मेरा मनुष्य जन्म सफल हुवा । अहो जिसके लिए महस्त्रों कष्ट उठाने पर भी नहीं प्राप्त होता वही केवल (अनुसंधानमात्रेण योगोयं सिद्धि दायकः) विचार करते ही प्राप्त हो जाता है । हे प्रभो!! मैं धन्य हूँ कि ऐसे गुरु मुझे प्राप्त हुए ।

कवित्त

कोऊ गुरुताई ले महा ही सिद्ध राजा बने,
कोऊ पंडिताई ते बड़ाई दरसा वे है ।
कोऊ सब दीसत सो कहै जगदीशरूप,
कोऊ खट चक्कर में चक्कर ही खावे हैं ।

कोऊ जप जाग जोग दान व्रत नेम कहे,
कोऊ इन्हीं को लागि वाम पंथ जावे है।
कोर कृपा ताकनते पुण्य परिपाकन ते,
लाखन में कोऊ ईश आँख न दिखावे हैं।

॥ इति सर्वमत संमत वेदान्त वेद्य हृदय रहस्य समाप्तम् ॥

श्रीगुरु चरण कमलार्पणमस्तु

शुद्धाशुद्धि-पत्र

पानारी	ओल में	है	चावे
१	२०	ततो ततो	ततस्ततो
२	८	आन्दकारी	आनन्दकारी
३	५	ब्रह्मचारी उत्तम	उत्तम ब्रह्मचारी
४	५	इकतरी	इकतारी
,,	१७	पीया	पीपा
१२	२	त्रिभुवान	त्रिभुवन
१३	४	कणिका	कणिका रो
१५	१०	ब्राह्मण	ब्रह्मांड
१५	२०	पद्वारो	पद्वारी
१९	६	व्है	है तो दुःख नी व्है'
२०	८	नी	०
२२	९	लोम	लोभ
२५	२	है ।	है, ने नीं थांचूं यो भी
		कृष्ण चिन्ह	श्री कृष्ण है ।
२७	१५		कृष्ण चन्द्र
२८	१८	कन	तक
२९	७	नादत युष्मदृम	नादन युष्मदंमयः
३१	३	माने	लाने
,,	४	शयन	सपन
३२	१५	गमन	गम्य

३२	१६	शास्त्र	शास्त्र
"	१९	योगरो तुक	योगरो कौतुक
३४	४	जहीं	वही
३८	२१	ग्रूँजों	जाँग्रूँ
३९	१२	स्तद्वृत्तयः	स्तद्वृत्तयः
४४	४	म	मैं
४५	१५	आया	आपाँ
४८	१२	वन्दा	वन्दो
५३	११	वित्तयपा	वित्तपा
५९	१०	गणणों	गणणा
६२	९	रिज,	रिजम
६४	७	ग्हीं'	हीज
७०	४	निरवयव	निरवयव
७१	१८	पणि	पण
७४	२०	जाहि	जोही
७५	२०	सपनेहु	सपनेहु
७७	१०	रा	गो
८०	७	हृदयेन	हृदयेन
"	११	न्यार	न्यारा
८१	१९	प्रकृत	प्राकृत
८४	२०	मा	नी
८७	८	मगव्य	मनव्य
८८	९	यहारा	यहारो
८९	१५	ईश्वरेच्छा	ईश्वरेच्छा
९०	१३	सच्चिदानन्द, पग	सच्चिदानंद पने
९५	३	आगम	आतप

९७	१९	लोक इमं	लोकमिमं
९९	१८	शोक	शोख
”	१९	शोक	शोख
१००	२	शोक	शोख
१०४	९	अन्तर बहिः	अन्तर्बहिः
१०५	१३	महरसा	मदरसा
१०८	३	तन	मन
”	९९	त्याज्वो स च्	त्याज्यःश्च
”	२०	आय	आप
”	२०	बद्धि	बुद्धि
१०९	१३	वासना (ठे'राव) नी	वास ना (ठे' राव,नी)
१११	१०	साख्य	सांख्य
११२	१४	यँ	यूँ
१३१	१	है	व्हे'
१४४	१९	शरीर	शरीर
१४५	१६	ऊँघ्या	ऊँघ्या
१४९	१९	क्यों	क्यूँ
१५४	९	रणो गुणी	रजोगुणी
१५७	१८	विचा	विचारणो
१८७	१९	प्रणाम	प्रमाण
१९१	९	प्रवणो	प्रणवो
१९२	२	नी	ही
१९९	१९	ना व्हियो सा	नी व्हियो सो
२०३	१२	मेल	मे' ल
२०३	२१	निश्चय	निश्चय
२०५	१९	तारथ	तीरथ

२०९	१२	विचार——र्	विचार है, ईश्वर्
२१३	३	कैस	कैसे
२१६	३	पे	पे
२२१	९	न	ने
२२२	५	वैठाँ	वैठाँ
२४२	९	तीन हुँ	तिनहूँ
२४५	१९	रज	राजा
२४६	१६	हा	ही
,,	१७	भाववो	भाव थो
२४७	२०	व्यतितरेक	व्यतिरेक
२४९	४	हा	ही
२५५	८	सवपु	सर्वपु
२५६	१०	क्यो	कियो
२५८	८	मर्नसो	मंनसो
२५९	७	गुणवा	गुणवा
,,	१७	महा	बाह्य
२६८	१७	शुक	शुक
२६९	१२	रोवे	व्हेवे
२७२	१०	हलि	हाली
२७५	५	आपने	आयने
२८८	७	वनगी	बनेगी
२९२	१६	विसुद्य	विमुह्य
,,	१८	कल्य	कल्प
२९४	६	जदा	जद
२९५	४	आर	और
२९८	१	रसाह	रसोदह

३०२	२१	मखां	मूखां
३११	६	दव	देवे
,,	९	ह	है
,,	१२	तन	तने
,,	१३	सुरजा	सुरजी
,,	१४	म ह	माहे
,,	१५	म	में
	१६	मौन	भौन
३१२	१	नट	नटे
,,	११	कृष्णापण	कृष्णार्पण
३१२	१७	सु—	सुख
३१९	१७	राज म जो भत	राजमें जो भतरा
३२५	८	पशु	प्रभु
३३६	७	ज्यों ज्यों	जो जो
३४५	१५	प्रतिवादन	प्रतिपादन
३४७	५	शंसति	शंससि
,,	१२	क्लेशोऽधिकतम	क्लेशोधिकतर
३४९	१६	पूवक	पूर्वक
३६३	१२	अभ्याभ	अभ्यास
३६७	३	सुमुक्ष	मुमुक्षु
३८२	११	सुमुक्ष	मुमुक्षु
३९३	१३	ने	में
,,	,,	पाय	उपाय
३९४	२१	स्थर	स्थिर
३९९	१४	चाणियम्	चाप्रियम्
,,	१६	कहदा	कहदो

३९९	१९	साध	साधे
४०३	१०	चिरानन्द	निरानन्द
४०६	९	सर्वस्व	सर्वस्य
४११	१३	गह	गहि
४१५	१३	इष्टे विपरा	......
,,	१५	ह	है
४१७	४	जस	जैसे
४१८	१२	जाण	जाणे
४२२	१७	भृत	मृत
४२३	१०	ध्याना	ध्यात्वा
,,	१४	कमेणा	क्रमेणा
,,	२१	ह	है
४२६	१६		म्हैं
४३१	६	शिष्य	शिष्य
४३३	२२	धारणाम	धारणम्
४३४	३	अयकसमनैएक	एकमें
४३६	८	कुडाणो	कुड़णो
४३८	२०	सवं	सर्व
४३९	१८	निष्टतं	तिष्टंत
४४३	१०	व्यापाश्रिन्य	व्यपाश्रित्य
४५१	२	अपणी	आपणी

अनुभव-प्रकाश

१	४	वा	थी
४	१२	ढांक्यो	ढंक्यो

हृदय-रहस्य

समर्पण में	१३	दशन	दर्शन
१२	१०	सूम	सूक्ष्म
१३	७	हृदय	हृदय
,,	१३	,,	,,
२५	५	बुला	बुल्ला
२७	१	हा	ही
३२	२	शराव	शराव
,,	१५	होता है	देता है